संख्या–393/79–6–06–1(5)/2006

प्रेषक,

जे0एस0दीपक,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त,
   उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिलाधिकारी,
   उत्तर प्रदेश।

शिक्षा अनु0–6 लखनऊ दिनांक 15 फरवरी, 2006

विषयः प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को गरम पका–पकया भोजन (कुक्ड मील) उपलब्ध कराए जाने हेतु आवंटित खाद्यान्न का अर्न्तजनपदीय/अर्न्तप्रदेशीय हस्तांतरण तत्काल प्रभाव से रोके जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेशों के सरकारी, परिषदीय, सरकार द्वारा सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों एवं ई0जी0एस0 केन्द्रों में कक्षा–1 से 5 तक अध्ययनरत बच्चों को गरम पका–पकाया भोजन ग्राम पंचायतों, स्थानीय निकायों, स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। शासन के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि जनपद बुलन्दशहर में मध्यान्ह पोषाहार योजनान्तर्गत कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा मध्यान्ह भोजन हेतु आवंटित खाद्यान्न को सफाई/बिनाई कराए जाने के उद्देश्य से अनियमित रूप से जनपद/प्रदेश से बाहर ले जाया गया है।

अतः शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि तात्कालिक प्रभाव से मध्यान्ह पोषाहार योजनान्तर्गत प्राप्त खाद्यान्न (गेंहूँ एवं चावल) का अर्न्तजनपदीय एवं अर्न्तप्रदेशीय हस्तांतरण को प्रतिबन्धित किया जाता है। भविष्य के लिए निर्देशित किया जाता है कि खाद्यान्न की सफाई/बिनाई स्थानीय रूप से जनपद में ही करायी जाय।

कृपया उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय
ह0
(जे0एस0दीपक)
सचिव

संख्या– 393 (1)/79–6–06–1(5)/6 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,
ह0
(कामरान रिजवी)
विशेष सचिव

पत्रांक पृ.सं./डीई/1331–1481/2005–06 दिनांक 20 फरवरी, 2006

उपर्युक्त शासनादेश की प्रतिलिपि : निम्नलिखित अधिकारियों को इस आशय से प्रेषित कि शासनादेश में निर्देशित बिन्दुओं को भलीभांति अध्ययन कर लें तथा शासन के आदेशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायें:–

1. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

ह0
(दिनेश चन्द्र कनौजिया)
शिक्षा निदेशक (बेसिक),
उत्तर प्रदेश